# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल – **462043**

दिनांक 24-01-2023

## अभिमुखीकरण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस




**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में अभिमुखीकरण कार्यक्रम एवं 15 वॉ राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24 जनवरी 2023 को किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस का प्रारंभ महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2008 में 24 जनवरी को मनाने का संकल्प लिया गया। इसका उद्देश्य बालिकाओं को समर्थन और अवसर प्रदान करने के लिये मनाया जाता हैं इस दिवस के अवसर पर भोपाल परिसर में बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए** प्रसिद्ध **ओडिसी नृत्यांगना सुश्री कल्याणी फगरे का विशिष्ट उदबोधन आयोजित किया वे परिसर की पूर्व छात्रा रही है। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्राओं को अपनी शिक्षा, स्वास्थय, अधिकार,पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया। अभिमुखीकरण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा आर एस नरवरीया जिला संगठन रा.से.यो. एवं श्री राहुल सिंह परिहार ई.टी.ई. उपस्थित रहे उन्हौने रा.से. यो. के दायित्वों के निर्वहन में छात्रों की भागीदारी का मार्ग निर्देशित किया परिसर के रा.से.यो. समन्वयक प्रो0 नीलाभ् तिवारी एवं श्रीराकेश वर्मा कार्यक्रम संयोजक उपस्थित रहे । कार्यक्रम परिसर निदेशक प्रो.रमाकांत पाण्डेय जी की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम डॉ. महिमा तिवारी के संयोजन व डॉ. मंजू सिंह के सह-संयोजन में संपन्न हुआ।**

भवदीय

प्रो. रमाकांत पाण्डेय
निदेशक
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल